
## अदा शर्मा का खौफनाक अवतार




अदा शर्मा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। ?375 करोड़ से अधिक की कमाई करने वाली सुपरहिट फिल्म 'द केरला स्टोरी' के बाद अब अदा मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। उनकी डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का पहला पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मच गई है।पोस्टर में अदा शर्मा का रूप इतना अलग और रहस्यमयी है कि पहली नजर में उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। लाल परिधान, खून से सना चेहरा और आंखों में दर्द, गुस्सा और रहस्य का मिश्रण लिए उनकी तीखी निगाहें किसी गहरे और बेचैन कर देने वाले किरदार की कहानी बयां करती हैं। सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही 'गजरा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि भावनाओं, संघर्ष और अंधेरे सच की एक सशक्त सिनेमाई यात्रा का संकेत देती है।

## योग जीवन का अहम् हिस्सा है



शो 'थोड़ी सी उम्मीद, थोड़ा सा आसमान' में वैदेही का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री आरती बिराजदार ने बताया कि योग उनके जीवन का अहम् हिस्सा है।आरती ने कहा, 'मेरे लिए योग सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की एक अनमोल देन है। आज की व्यस्त जिंदगी, प्रदूषण और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता का असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। योग मुझे शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुलित रखता है। लेकिन, इसका फायदा तभी मिलता है, जब इसे नियमित रूप से किया जाए। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को हर दिन थोड़ा समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए। ', 'मैं हर दिन सूर्य नमस्कार करती हूँ। यदि समय मिले, तो ज्यादा राउंड करना अच्छा होता है, लेकिन शूटिंग की व्यस्तता के कारण मैं आमतौर पर 25 राउंड ही कर पाती हूँ।

## आलिया को भी पसंद है बॉबी का जादू



आलिया भट्ट भी बॉलीवुड में चल रहे बॉबी देओल युग की बड़ी प्रशंसक हैं। बॉबी देओल यश राज फिल्म्स की रोमांचक पॉपकॉर्न एंटरटेनर 'ऐल्फा' में अपने दमदार एंटी-हीरो किरदार से एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में आलिया भट्ट उनके सामने डटकर खड़ी नजर आएंगी।बॉबी देओल के बारे में बात करते हुए आलिया कहती हैं, 'मैं बॉबी देओल को 'जेंटल जायंट' कहती हूं क्योंकि स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी बेहद प्रभावशाली है, लेकिन असल जिंदगी में उनका स्वभाव बेहद शांत और विनम्र है। जब हम साथ में सीन कर रहे थे, तब मुझे एहसास हुआ कि वह कुछ ऐसा कर जाते हैं जो बेहद शानदार होता है, लेकिन उन्हें खुद भी इसका अंदाजा नहीं होता। वह इतने अच्छे अभिनेता हैं।

## खुद पर आपका पूरा कंट्रोल होता है



एक्टर डेलनाज़ ईरानी का कहना है कि 2026 का पहला हिस्सा प्रोफेशनल और पर्सनल, दोनों तरह से बहुत अच्छा रहा है। ' उन्होंने कहा, 'बाहरी दुनिया बहुत ज़्यादा दबाव वाली हो सकती है, और हमारी इंडस्ट्री भी बहुत ज़्यादा दबाव में काम करती है। लेकिन इतने सालों में मैंने सीखा है कि भले ही आप बाहरी दुनिया को कंट्रोल न कर सकें, लेकिन खुद पर आपका पूरा कंट्रोल होता है। 'उनके अनुसार, असली बात अपनी सीमाओं को स्वीकार करने और उन चीज़ों पर ध्यान देने में है जो सच में मायने रखती हैं। 'इस बारे में मेरी सोच सीधी है: आपको हर दिन सुपरहीरो बनने की कोशिश छोड़नी होगी। जब हर चीज़ आपका ध्यान मांगती है, तो आपको सोच-समझकर रुकना होगा और उन चीज़ों के लिए समय निकालना होगा जो सच में ज़रूरी हैं।



## उर्वशी ने खरीदीं दुनिया की हाइपर कारें

ग्लैमर, सफलता और वैश्विक लोकप्रियता का पर्याय बन चुकीं उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर अपने शानदार अंदाज़ से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। खबरों के मुताबिक, उर्वशी ने लगभग ?90 करोड़ मूल्य की दो अत्याधुनिक बुगाटी टूरबिलॉन हाइपरकारें खरीदकर लग्ज़री और सफलता की दुनिया में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इस उपलब्धि के साथ उनका नाम अब उन चुनिंदा वैश्विक हस्तियों की सूची में शामिल हो गया है, जिनमें फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो, नेमार जूनियर और अंतरराष्ट्रीय संगीत आइकन ड्रेक जैसे नाम शामिल हैं।

## योग ने बदली कलाकारों की ज़िंदगी







योग आज सिर्फ एक एक्सरसाइज़ नहीं, बल्कि लाखों लोगों की लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुका है। 'गंगा माई की बेटियां' में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू ने कहा, 'योग काफी समय से मेरी ज़िंदगी का हिस्सा है। मेरे लिए यह सिर्फ एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि खुद को शांत, पॉजिटिव और फोकस्ड रखने का तरीका है। 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, 'मुझे योग करना हमेशा से पसंद रहा है और मुझे यह बहुत अच्छा लगता है कि यह मन को कितनी शांति और संतुलन देता है। 'जगद्धात्री' में माया का किरदार निभा रहीं सायंतनी घोष ने कहा, 'योग एक बहुत खूबसूरत आदत है, जो सिर्फ फिट रहने तक सीमित नहीं है। यह शरीर को फिट और एक्टिव रखने में मदद करता ही है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह मन को शांति देता है। 'वसुधा' में देव का किरदार निभा रहे अभिषेक शर्मा ने कहा, 'आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में मन की सेहत का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना शरीर को फिट रखना। 'लक्ष्मी निवास' में राधिका का किरदार निभा रहीं अक्षिता मुद्गल ने कहा, 'एक कलाकार होने के नाते हमारा शेड्यूल काफी व्यस्त होता है। 'तुम से तुम तक' में अनु का किरदार निभा रहीं निहारिका चौकसे ने कहा, 'मुझे लगता है कि योग ऐसी आदत है, जिसे कम उम्र से ही शुरू कर देना चाहिए।

# दिल हूम-हूम करें, घबराएं..?





ये गाना आपने सुना ही होगा, 'दिल हूम हूम करे। घबराए। घन धम धम करे, गरजाए। एक बूंद कभी पानी की, मोरी अंखियों से बरसाए।' बचपन में टीवी पर जब ये गाना आता था तो बड़ा बुरा लगता था। नादनी में हम बच्चे कहते थे कि कितना मनहूस सा गाना है और अब जब ये गाना मैं कभी सुनता हूं( चलो यूट्यूब पर लगा ही लेता हूं इस गाने को।) तो ऐसा लगता है कितना बढ़िया गाना है। लता जी की गायकी का कमाल ही है कि ये गाना इतना बढ़िया लगता है। और गुलज़ार साहब के शब्दों का जादू है। ये गाना भुपेन हजारिका जी ने भी गाया है। उनकी आवाज़ में भी मैं सुन लेता हूं ये गाना। वो भी अच्छा लगता है। उन्होंने ही कंपोज़ भी किया था ये गाना।आज 33 साल हो गए रुदाली फ़िल्म के। साल 1993 में 18 जून को रुदाली रिलीज़ हुई थी। कल्पना लाजमी ने बनाई थी ये फ़िल्म। इंटरनेट पर मिली जानकारी के मुताबिक़, महाश्वेता देवी ने एक कहानी लिखी थी इसी नाम की। उसी कहानी पर कल्पना लाजमी ने ये फ़िल्म बनाई थी। बड़े साहस की बात है ऐसी कहानियों पर फ़िल्म बनाना। क्योंकि ऐसी फ़िल्मों को बहुत ज़्यादा दर्शक नहीं मिलते कभी। क्रिटिक्स भले ही तारीफ़ कर दें। मगर पसंद ऐसी फ़िल्में सिर्फ़ एक सीमित ग्रुप को ही आती हैं।रुदाली के साथ अच्छी बात ये रही थी कि ये फ़िल्म चल गई थी। हालांकि अधिकतर लोग नाच-गाने और मार-धाड़ वाली फ़िल्में ही ज़्यादा पसंद करते हैं। मैं एक दिन अपने पुराने वाले घर पर यही 'दिल हूम हूम करे' गाना सुन रहा था एक बार। मेरे मौसेरे भाई आए हुए थे। ये गाना सुनकर वो मुझसे बोले कि क्या भइया। कैसे बुड्ढों वाले गाने सुन रहे हो? मैं बस मुस्कुराकर रह गया।बहरहाल, ये फ़िल्म अमजद खान साहब को डैडिकेट की गई थी। उन्होंने इस फ़िल्म में एक अहम किरदार निभाया था। मगर इस फ़िल्म के रिलीज़ होने से पहले ही अमजद खान साहब ये दुनिया छोड़ गए थे। रुदाली फ़िल्म की शूटिंग हुई थी राजस्थान के बरना गांव में। बताया जाता है कि इस फ़िल्म के रिलीज़ होने के बाद ये गांव बहुत से लोगों को आकर्षित करने में कामयाब रहा था। टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया था ये गांव।रुदाली में राखी गुलज़ार ने भी काम किया था। और ये दूसरी फ़िल्म थी जब राखी ने किसी ऐसी फ़िल्म में काम किया था जिससे उनके पति गुलज़ार भी जुड़े थे। इससे पहले साल 1981 की बसेरा फ़िल्म में राखी गुलज़ार और गुलज़ार साहब, दोनों ने काम किया था। एक्ट्रेस डिंपल कपाडिया के करियर की बेहद ख़ास फ़िल्म रहेगी रुदाली। क्योंकि इस फ़िल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस नेशनल फ़िल्म अवॉर्ड दिया गया था। इसी फ़िल्म के लिए समीर चंदा को बेस्ट आर्ट डायरेक्शन व माला डे एंव सिंपल कपाडिया को बेस्ट कॉस्ट्यूम डिज़ाइन अवॉर्ड दिया गया था।उस साल के फ़िल्मफ़ेयर अवॉर्ड्स की बात करें तो डिंपल कपाडिया को उन अवॉर्ड्स में भी बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। मगर अवॉर्ड उन्हें नहीं मिला था। उस साल बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड जूही चावला को हम हैं राही प्यार के फ़िल्म के लिए दिया गया ता। हालांकि बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवॉर्ड डिंपल को ही दिया गया था। इस फ़िल्म की शटूंग के दौरान डिंपल कपाडिया बीमार पड़ गई थी। राजस्थान के बरना गांव में शूटिंग के दौरान डिंपल को न्यूमोनिया हो गया था।इस फ़िल्म के रिलीज़ होने के बाद राखी ने मीडिया में डायरेक्टर कल्पना लाजमी के प्रति नाराज़गी व्यक्त की थी। राखी ने कहा था कि कल्पना लाजमी ने डिंपल को ज़्यादा फ़ेवर किया। ये एक दो हीरोइनों वाली फ़िल्म होनी थी। मगर कल्पना ने सारा फ़ोकस डिंपल पर किया। उनके अहम सीन्स तो काट ही दिए। वैसे जो रोल राखी ने किया था इस फ़िल्म में उसे पहले पूनम ढिल्लों को ऑफ़र किया गया था। मगर पूनम ढिल्लों ने इन्कार कर दिया था वो रोल निभाने से। क्योंकि पूनम किसी आर्ट फ़िल्म में काम नहीं करना चाहती थी।

**-गमन्या शंकर इंदौरी**
**विजयनगर, इंदौर**

## 'थाप यूट्यूबर स्टार'

गातिमान फिल्म्स ने अपनी नई फिल्म 'थाप यूट्यूबर स्टार' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। मोशन पोस्टर के जरिए सामने आई इस फिल्म ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म डांस, सपनों और आज की डिजिटल दुनिया से जुड़ी एक दिलचस्प कहानी लेकर आने वाली है।फिल्म का निर्माण पदाम सिंह कर रहे हैं, जो सिद्धांत घरत के साथ इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। फिल्म की कहानी पदाम सिंह ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले और संवाद निरंजन बुधाधरा द्वारा लिखे गए हैं। सिनेमैटोग्राफी का जिम्मा नरेश शाह के पास है।




## चार मेडल जीतना यादगार

पावरलिफ्टर गौरी मनोचा ने हाल ही में अपने करियर में एक नई उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली की रहने वाली इस युवा पावरलिफ्टर ने हाल ही में बैंकॉक, थाईलैंड में एक इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता (आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026) में हिस्सा लिया और भारत के लिए 4 मेडल जीते।गौरी कहती हैं, 'इंटरनेशनल लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और चार मेडल जीतना एक यादगार अनुभव था। ऐसे देश में जहाँ क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों को अक्सर उतना ध्यान, सुविधाएँ या पहचान नहीं मिलती, वहाँ सफलता हासिल करना और भी मायने रखता है।



## हनीमून ट्रैक की शूटिंग सिंगापुर में



शो 'तुम से तुम तक' में अनु और आर्या की कहानी एक अहम मोड़ पर पहुँचने वाली है। शो में अनु का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस निहारिका चौकसे ने कन्फर्म किया है कि लंबे समय से इंतज़ार किए जा रहे हनीमून ट्रैक की शूटिंग इस जुलाई में सिंगापुर में होगी।शूटिंग शेड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए निहारिका बताती हैं कि वह और उनके को-स्टार शरद केलकर लगभग एक हफ़्ते की शूटिंग के लिए सिंगापुर जाएँगे।वह कहती हैं, 'हम जुलाई में सिंगापुर में हनीमून ट्रैक की शूटिंग करेंगे और यह शेड्यूल लगभग एक हफ़्ते का होगा। कहानी का यह हिस्सा बहुत रोमांचक है और हम सभी इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। '

## 'पर्सनल ट्रेनर 2' - महत्वाकांक्षा, की रोमांचक कहानी

हंगामा ओटीटी ने 'पर्सनल ट्रेनर 2' लॉन्च कर दी है। मुंबई की ग्लैमरस लेकिन बेहद प्रतिस्पर्धी फिटनेस दुनिया पर आधारित इस सीरीज में टीना दत्ता, आकांक्षा पुरी, पूनम पांडे और राहुल सुधीर अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी मुंबई के एक खास और हाई-प्रोफाइल जिम के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर और शहर के रसूखदार लोग अपनी पर्सनल लाइफ में वर्कआउट करने आते हैं। चमकते शीशों और फिट बॉडी के पीछे ताकत और प्रभाव की अलग ही बाजी चलती रहती है। यहां महत्वाकांक्षा सिर्फ सपनों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि कई बार आकर्षण एक हथियार बन जाता है और हर मोड़ पर धोखे की आहट सुनाई देती है। बदलते रिश्ते, टूटते भरोसे और बढ़ते दांव कहानी को लगातार रोमांचक बनाते हैं।

